भारत सरकार

अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या : 3064

उत्तर देने की तारीख : 21.12.2023

नई उड़ान योजना

3064. श्री संजय काका पाटिल:

क्या **अल्पसंख्यक कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने नई उड़ान योजना की वर्ष 2021-2022 में लाभार्थियों की संख्या मात्र 1641 को देखते हुए इसका विस्तार करने के लिए कोई प्रयास किए है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और

(ग) वित्त वर्ष 2022-23 के दौरान इस योजना के अंतर्गत अब तक लाभार्थियों की राज्य-वार संख्या कितनी है?

उत्तर

अल्पसंख्यक कार्य मंत्री

(श्रीमती स्मृति ज़ूबिन इरानी)

(क) और (ख): अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय ने, संघ लोक सेवा आयोग (UPSC), कर्मचारी चयन आयोग (SSC) और राज्य लोक सेवा आयोगों द्वारा आयोजित प्रारंभिक परीक्षाएं उत्तीर्ण करने वाले अल्पसंख्यक अभ्यर्थियों को वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए 'नई उड़ान' योजना लागू किया है। योजना को 2022-23 से बंद कर दिया गया है।

(ग) 2022-23 के दौरान, योजना के तहत 346 अल्पसंख्यक अभ्यर्थियों को वित्तीय सहायता प्रदान की गई, जिन्होंने 31.03.2022 से पहले योजना पोर्टल पर आवेदन किया था। वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान लाभार्थियों का राज्य-वार विवरण अनुबंध में दिया गया है।

अनुबंध

यूपीएससी/एसएससी/राज्य लोक सेवा आयोग (PSC) द्वारा आयोजित प्रारंभिक परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले ऐसे अल्पसंख्यक अभ्यर्थियों की राज्य-वार संख्या जिन्हें नई उड़ान योजना के तहत वित्तीय सहायता प्रदान की गई		
क्रम सं.	**राज्य/संघ राज्य क्षेत्र**	**वर्ष**
		2022-23
1.	असम	4
2.	बिहार	8
3.	छत्तीसगढ़	1
4.	गुजरात	6
5.	जम्मू और कश्मीर	30
6.	झारखंड	25
7.	केरल	1
8.	मध्य प्रदेश	19
9.	महाराष्ट्र	2
10.	मणिपुर	18
11.	मिजोरम	52
12.	नागालैंड	8
13.	राजस्थान	6
14.	तमिलनाडु	3
15.	उत्तर प्रदेश	13
16.	उत्तराखंड	12
17.	पश्चिम बंगाल	135
18.	दिल्ली	2
19.	पुदुचेरी	1
कुल योग		**346**

*****